Title: Request to provide justice to the educated unemployed youth.

हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : उपाध्यक्ष महोदय, मास्ट्रो मोटर्स लि. कंपनी (सिफाली ऑटोमोबाईल्स) बंगलौर ने बेरोजगारों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया है। इनके लिए कर्जा वापस करना मुश्किल हो गया है। कहीं-कहीं पर बेरोजगार लोगों ने आत्महत्याएं की हैं। विशोकर महाराट्र और आंध्रप्रदेश में आत्महत्याएं हुई हैं। मेरी भारत सरकार के वित्त मंत्री और उद्योग मंत्री से प्रार्थना है कि इन बेरोजगार लोगों को न्याय दिलाने की कृपा करें और इन लोगों के इन्डस्ट्रीज लाइसेंस रद्द करें और उन पर कडी से कडी कार्यवाही करके गरीब बेरोजगारों का पैसा वापस दिया जाने की कृपा करें और आत्महत्याएं होने से रोकें।